रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003–05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 24] नई दिल्ली, जून 5—जून 11, 2011, शनिवार/ज्येष्ठ 15—ज्येष्ठ 21, 1933
No. 24] NEW DELHI, JUNE 5—JUNE 11, 2011, SATURDAY/JYAISTHA 15—JYAISTHA 21, 1933

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 31 मई, 2011

सा.का.नि. 175.—केन्द्रीय सरकार, सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 का 47) की धारा 141 की उपधारा (2) के खंड (ख) और खंड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल महानिदेशालय, कलाकार समूह 'ग' पद भर्ती नियम, 1995 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, सीमा सुरक्षा बल में हैड कांस्टेबल (नक्शानवीस) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सीमा सुरक्षा बल, मुख्यालय, हैड कांस्टेबल (नक्शानवीस), समूह 'ग' पद भर्ती नियम, 2011 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. पद संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान.—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध उपरोक्त अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि.—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. निरर्हता.—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. शिथिल करने की शक्ति.—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. व्यावृत्ति.—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1. हैड कांस्टेबल (नक्शानवीस)	1* (2011) (*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय (योधक)	वेतन बैंड 1, 5200—20200 रु. + ग्रेड वेतन 2400 रु.	चयन	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(7)	(8)	(9)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(10)	(11)
प्रतिनियुक्ति द्वारा, जिसके न हो सकने पर पुनर्नियोजन द्वारा	**प्रतिनियुक्ति :** केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी — (क) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ख) जिन्होंने वेतन बैंड-1, 5200—20200 रु. + ग्रेड वेतन 2400 रु. में पांच वर्ष नियमित सेवा की है या जिन्होंने वेतन बैंड-1, 5200—20200 रु. + ग्रेड वेतन 2000 रु. में आठ वर्ष नियमित सेवा की है और जिनके पास निम्नलिखित अर्हता हैं :— (i) मैट्रिकुलेशन या उसके समतुल्य । (ii) मानचित्र पठन अनुदेशक पाठ्यक्रम अर्हित होना चाहिए । (iii) नक्शानवीस पाठ्यक्रम अर्हित होना चाहिए । (iv) कम्प्यूटर का कार्यकरण ज्ञान होना चाहिए ।

(11)

टिप्पण 1 : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिश पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उसके जहां एक से अधिक पूर्व-पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान वाले एक ग्रेड में विलय हो गया है और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) पर, जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान किसी उन्नयन के बिना सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है, विस्तारित होगा, आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 52 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

पुनर्नियोजन : सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवा निवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्त व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं हैं और जिनके पास कलाकार के रूप में पांच वर्ष का अनुभव है और यदि उनका चयन कर लिया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है; तत्पश्चात् उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है और यदि ऐसे पात्र अधिकारी उस पद पर वास्तविक चयन से पूर्व सेवानिवृत्त हो गए हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जा चुके हैं, तो उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के आधार पर की जाएगी ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(12)	(13)
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (चयन के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :— 1. उप महानिरीक्षक (कार्मिक), सीमा सुरक्षा बल —अध्यक्ष 2. कमांडेंट (स्टाफ), सीमा सुरक्षा बल —सदस्य 3. उप कमांडेंट, सीमा सुरक्षा बल —सदस्य	लागू नहीं होता ।

[फा. सं. 17/02/2009-कार्मिक/सीसुबल]

अजय कु. सिंह, निदेशक (कार्मिक)

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 31st May, 2011

G.S.R. 175.—In exercise of the powers conferred by clauses (b) and (c) of sub-section (2) of Section 141 of the Border Security Force Act, 1968 (47 of 1968) and in supersession of the Ministry of Home Affairs, Director General Border Security Force, Artist Group 'C' post Recruitment Rules, 1995, except as respects things done or omitted to be done before such suprsession, the Central Government hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Head Constable (Draftsman) in the Border Security Force, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Border Security Force, Headquarters, Head Constable (Draftsman), Group 'C' Post, Recruitment Rules, 2011.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification, pay band and grade pay or pay scale.—The number of the said post, its classification, Pay Band and Grade Pay or Pay Scale attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and qualifications, etc.— The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. Disqualification. —No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules in respect of any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification	Pay Band and Grade Pay or Pay Scale	Whether selection post or non-selection post	Age-limit for direct recruits
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
Head Constable (Draftsman)	1* (2011) (*Subject to variation dependent on workload).	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial (Combatised)	Pay Band-1 Rs. 5200—20200 plus Grade Pay Rs. 2400	Not applicable	Not applicable

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and qualifications prescribed for direct recruitment will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
(7)	(8)	(9)
Not applicable	Not applicable	Not applicable

Method of recruitment : Whether by direct recruitment or promotion or deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made
(10)	(11)
By deputation failing which by re-employment	**Deputation :** Officers of the Central Government,— (a) holding analogous posts on regular basis ; or (b) with five years regular service in the Pay Band-1, Rs. 5200—20200 + Grade Pay of Rs. 2400 or with eight years service in the Pay Band-1, Rs. 5200—20200 + Grade Pay of Rs. 2000 and possessing the following qualifications :— (i) Matriculation or its equivalent. (ii) Map Reading Instructor course qualified. (iii) Draftsman course qualified. (iv) Should have working knowledge of computers. **Note 1 :** For the purpose of appointment on deputation basis, the service rendered on a regular basis by an officer prior to 1st January, 2006, the date from which the revised pay structure based on the 6th Central Pay Commission recommendation has been extended, shall be deemed to be service rendered in the corresponding grade pay or pay scale extended based on the recommendation of the Commission, except where there has been merger of more than one pre-revised scale of pay into one grade with a common grade pay or pay scale, and where this benefit will extend only for the post(s) for which that grade pay or pay scale is the normal replacement grade without any upgradation. **Note 2 :** Period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisations or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. **Note 3 :** The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 52 years as on the closing date of receipt of applications. **Re-employment :** The Armed Forces Personnel who are due to retire or to be transferred to reserve within a period of one year and possessing the qualifications prescribed for deputationists and having five years experience as an artist shall be considered and if selected, such persons shall be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces, thereafter they shall be continued on re-employment and in case such eligible officers have been retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post is made their appointment will be on re-employment basis.

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(12)	(13)
Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering selection) consisting of :— (1) Deputy Inspector General (personnel), Border Security Force —Chairman (2) Commandant (Staff), Border Security Force —Member (3) Deputy Commandant, Border Security Force —Member	Not applicable.

[F. No. 17/02/2009-Pers/BSF]

AJAY K. SINGH, Director (Personnel)

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, 8 जून, 2011

सा.का.नि. 176.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक और अनुच्छेद 148 के खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग में सेवा कर रहे व्यक्तियों के संबंध में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात् केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) संशोधन नियम, 2011 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे ।

2. केन्द्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम, 1972 में,—

(1) नियम 8 के उपनियम (1) के परंतुक में, "तीन सौ पचहत्तर रुपए" शब्दों के स्थान पर "तीन हजार पांच सौ रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(2) नियम 9 के उपनियम (1) के दूसरे परंतुक में, "तीन सौ पचहत्तर रुपए" शब्दों के स्थान पर "तीन हजार पांच सौ रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(3) नियम 38 के उपनियम (2) के खंड (क) में, "दो हजार दो सौ रुपए" शब्दों के स्थान पर "इक्कीस हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(4) नियम 40 के उपनियम (3) में, "तीन सौ पचहत्तर रुपए प्रतिमास" शब्दों के स्थान पर "तीन हजार पांच सौ रुपए प्रतिमास" शब्द रखे जाएंगे;

(5) नियम 41 के उपनियम (2) में, "तीन सौ पचहत्तर रुपए प्रतिमास" शब्दों के स्थान पर "तीन हजार पांच सौ रुपए प्रतिमास" शब्द रखे जाएंगे;

(6) नियम (49) में,—

(क) उप-नियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1क) सेवानिवृत्त की तारीख को अनुज्ञेय मंहगाई भत्ता को उपनियम (1) के प्रयोजन के लिए परिलब्धियों के रूप में भी माना जाएगा ।";

(ख) उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) दस वर्ष से अन्यून की अर्हक सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवक की दशा में, पेंशन की रकम, न्यूनतम तीन हजार पांच सौ रुपए प्रतिमास और अधिकतम पैंतालीस हजार रुपए प्रतिमास के अधीन रहते हुए परिलब्धियों का पचास प्रतिशत या औसत परिलब्धियों, का पचास प्रतिशत जो उसको अधिक फायदाप्रद हो, पर संगणित की जाएगी ।

(2क) उपनियम (2) के अनुसार अनुज्ञेय पेंशन के अतिरिक्त, अस्सी वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरी करने के पश्चात् अतिरिक्त पेंशन निम्नलिखित रीति में सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को संदेय होगी

पेंशनभोगी की आयु	अतिरिक्त पेंशन
80 वर्ष से लेकर 85 वर्ष होने तक	मूल पेंशन का 20%
85 वर्ष से लेकर 90 वर्ष होने तक	मूल पेंशन का 30%
90 वर्ष से लेकर 95 वर्ष होने तक	मूल पेंशन का 40%
95 वर्ष से लेकर 100 वर्ष होने तक	मूल पेंशन का 50%
100 वर्ष या अधिक	मूल पेंशन का 100% ।";

(ग) उपनियम (4) में, शब्द कोष्ठक और अक्षर "के खंड (क) और खंड (ख)" शब्दों का लोप किया जाएगा;

(7) नियम 50 में,—

(क) उपनियम (1) के पहले परंतुक में, "दो लाख पचास हजार रुपए" शब्दों के स्थान पर "दस लाख रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) उपनियम (5) में, परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परंतु यह और कि, यथास्थिति, सेवानिवृत्ति या मृत्यु की तारीख को अनुज्ञेय महंगाई भत्ता को इस नियम के प्रयोजनों के लिए परिलब्धियों के रूप में भी माना जाएगा ।";

(8) नियम 51 के उपनियम (1) के खंड (ख) में,—

(क) उपखंड (i) में, शब्द, कोष्ठक और अक्षर "खंड (i), (ii) और (iv)" के स्थान पर "खंड (i), (ii), (iii), (iv) और (v)" शब्द, कोष्ठक और अक्षर रखे जाएंगे;

(ख) उपखंड (ii) में, शब्द, कोष्ठक और अक्षर "खंड (v), (vi) (vii), (viii), (ix), (x) और (xi)" के स्थान पर "खंड (vi) (vii), (viii), (ix), (x) और (xi)" शब्द, कोष्ठक और अक्षर रखे जाएंगे;

(9) नियम 54 में,—

(क) उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) उपनियम 13ख के उपबंधों के अधीन और उपनियम (3) में अंतर्विष्ट उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जब किसी सरकारी सेवक की मृत्यु—

(i) एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी करने के पश्चात् हो जाती है; या

(ii) एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी करने के पूर्व हो जाती है परंतु यह तब जब कि संबद्ध मृतक सरकारी सेवक की सेवा या पद पर उसकी नियुक्ति के ठीक पूर्व समुचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा परीक्षा की गई हो और उसे उपयुक्त घोषित किया गया हो; या

(iii) सेवा से निवृत्त होने के पश्चात् हो जाती है और वह अपनी मृत्यु की तारीख को इन नियमों में निर्दिष्ट पेंशन, अनुकंपा भत्ता प्राप्त कर रहा है

तो मृतक का कुटुंब, केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए कुटुंब पेंशन स्कीम, 1964 के अधीन कुटुंब पेंशन (जिसे इस नियम में इसके पश्चात् कुटुंब पेंशन कहा गया है) का हकदार होगा जिसकी रकम न्यूनतम तीन हजार पांच सौ रुपये और अधिकतम सत्ताइस हजार प्रतिमास के अधीन रहते हुए मूल वेतन के 30% की समरूप दर पर अवधारित की जाएगी ।

स्पष्टीकरण– 'एक वर्ष की लगातार सेवा' पद का, जहां कहीं भी वह इस नियम में आता है, अर्थ इस प्रकार लगाया जाएगा कि उसके अंतर्गत खंड (ii) में यथापरिभाषित "एक वर्ष से अन्यून लगातार सेवा" भी है ।";

(ख) उपनियम (2क) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2ख) उपनियम (2), (2क), और (3) के अनुसार अनुज्ञेय कुटुंब पेंशन के अतिरिक्त, अस्सी वर्ष या उससे अधिक की आयु पूरी करने के पश्चात् अतिरिक्त कुटुंब पेंशन निम्नलिखित रीति में संदेय होगी

कुटुंब पेंशनभोगी की आयु	अतिरिक्त कुटुंब पेंशन
80 वर्ष से लेकर 85 वर्ष होने तक	मूल कुटुंब पेंशन का 20%
85 वर्ष से लेकर 90 वर्ष होने तक	मूल कुटुंब पेंशन का 30%
90 वर्ष से लेकर 95 वर्ष होने तक	मूल कुटुंब पेंशन का 40%
95 वर्ष से लेकर 100 वर्ष होने तक	मूल कुटुंब पेंशन का 50%
100 वर्ष या अधिक	मूल कुटुंब पेंशन का 100% ।";

(ग) उपनियम (3) में खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(क)(i) जहां किसी ऐसे सरकारी सेवक की, जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8) द्वारा शासित नहीं होता है, सात वर्ष से अन्यून की लगातार सेवा कर चुकने के पश्चात् सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है वहां कुटुंब पेंशन की दर अंत में लिए गए वेतन के पचास प्रतिशत के बराबर होगी और इस प्रकार अनुज्ञेय रकम सरकारी सेवक की मृत्यु की आगामी तारीख से दस वर्ष की अवधि के लिए अनुज्ञेय होगी ।

(ii) सेवानिवृत्ति के पश्चात् सरकारी सेवक की मृत्यु होने की दशा में उपखंड (i) के अधीन यथा अवधारित कुटुंब पेंशन सात वर्ष की अवधि के लिए अथवा सेवानिवृत्त मृत सरकारी सेवक, यदि वह जीवित रहता तो, जिस तारीख को 67 वर्ष की आयु का हो जाता, उस तारीख तक की अवधि के लिए, इनमें से जो भी अवधि लघुतर हो, संदेय होगी ।

परंतु इस उपखंड (ii) के अधीन अवधारित कुटुंब पेंशन की रकम किसी भी दशा में सेवानिवृत्ति होने पर मंजूर की जाने वाली पेंशन से अधिक नहीं होगी ।

परंतु यह और कि जहां सेवानिवृत्ति होने पर मंजूर की जाने वाली पेंशन की रकम उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञेय कुटुंब पेंशन की रकम से कम हो, वहां इस खंड के अधीन अवधारित पेंशन की रकम उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञेय पेंशन की रकम तक सीमित होगी ।

स्पष्टीकरण– इस उपखंड के प्रयोजन के लिए सेवानिवृत्ति होने पर मंजूर की जाने वाली पेंशन के अंतर्गत पेंशन का वह भाग भी है जिसे सेवानिवृत्त सरकारी सेवक मृत्यु से पहले संराशीकृत कर सकता है ।";

(घ) उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(4) जहां केंद्रीय सिविल सेवा (असाधारण पेंशन) नियम, 1939 के अधीन कोई पंचाट अनुज्ञेय है वहां इस नियम के अधीन पंचाट के बने रहने के दौरान कोई कुटुंब पेंशन मंजूर नहीं की जाएगी ।";

(ङ) उपनियम (6) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(6) वह अवधि जिस के लिए कुटुंब पेंशन संदेय है, वह निम्नानुसार होगी :—

(i) पहले परंतुक के अध्यधीन, विधवा अथवा विधुर की दशा में मृत्यु या पुनर्विवाह की तारीख तक इनमें से जो भी पहले हो;

(ii) दूसरे परंतुक के अध्यधीन, अविवाहित पुत्र की दशा में जब तक वह पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले या जब तक वह विवाहित न हो जाए या जब तक वह अपनी जीविका उपार्जन आरंभ न कर दें, इनमें से जो पहले हो;

(iii) दूसरे और तीसरे परंतुक के अध्यधीन, अविवाहित या विधवा या परित्यक्त पुत्री की दशा में जब तक वह पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले या जब तक उसका विवाह अथवा पुनर्विवाह न हो जाए या जब तक वह अपनी जीविका उपार्जन आरंभ न कर दें, इनमें से जो पहले हो;

(iv) उपनियम (10क) के अधीन माता पिता की दशा में जो सरकारी सेवक की मृत्यु के ठीक पहले पूर्णत: सरकारी सेवक पर आश्रित थे; जीवनभर के लिए

(v) उपनियम (10ख) और चौथे परंतुक के अधीन, नि:शक्त सहोदर (अर्थात् भाई और बहन) की दशा में जो सरकारी सेवक की मृत्यु के ठीक पूर्व सरकारी सेवक पर आश्रित थे; जीवनभर के लिए

परंतु कुटुंब पेंशन, पुनर्विवाह पर नि:संतान विधवा को संदेय होना जारी रहेगी यदि सभी अन्य स्त्रोतों से उसकी आय, इस नियम के उपनियम (2) के अधीन न्यूनतम कुटुंब पेंशन की रकम और उस पर अनुज्ञेय मंहगाई राहत से कम है :

परंतु यह और कि यदि सरकारी सेवक का पुत्र या पुत्री जो मानसिक विकार या नि:शक्तता से ग्रस्त है, जिसमें मानसिक मंदन या शारीरिक अपंगता या नि:शक्तता सम्मिलित है, जिससे उसको पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद भी जीविका उपार्जन करने में असमर्थता है, ऐसे पुत्र या पुत्री को आजीवन कुटुंब पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए संज्ञेय होगी, अर्थात् :—

(i) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री, सरकारी सेवक के दो या दो में से अधिक बालकों में से एक है तो कुटुंब पेंशन प्रारंभत: इन नियम के उपनियम (8) के खंड (iii) में दिए गए आदेश में अवयस्क बालकों [उपनियम के खंड (ii) या खंड (iii) में उल्लिखित] को रूप में तब तक संदेय होगी जब तक अंतिम बालक पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता है और तत्पश्चात् कुटुंब पेंशन उस पुत्र या पुत्री के पक्ष में जो मानसिक विकार या मस्तिष्क की नि:शक्तता, जिसमें मानसिक मंदन या जो शारीरिक रूप से अपंग या नि:शक्तता है, सम्मिलित है, से ग्रस्त है, संदेय होगी और यह उसे आजीवन संदेय होगी;

(ii) यदि एक या एक से अधिक ऐसे बालक मस्तिष्क के विकार या नि:शक्तता, जिसमें मानसिक मंदता भी सम्मिलित है, से ग्रस्त हैं या जो शारीरिक रूप से अपंग या नि:शक्त हैं तो कुटुंब पेंशन उनके जन्म के क्रम में संदत्त की जाएगी और उनमें से कनिष्ठ व्यक्ति कुटुंब पेंशन केवल तभी प्राप्त करेगा जब उससे ठीक ऊपर वरिष्ठ व्यक्ति पात्र नहीं रह जाता है :

परंतु जहां कुटुंब पेंशन ऐसे जुड़वा बालकों को संदेय है वहां इसे इस नियम के उपनियम (7) के खंड (घ) में दी गई रीति में संदत्त किया जाएगा;

(iii) ऐसे पुत्र या पुत्री को कुटुंब पेंशन संरक्षक के माध्यम से संदत्त की जाएगी मानो वह अवयस्क होता सिवाय शारीरिक रूप से अपंग पुत्र या पुत्री के, जिसने वयस्कता की आयु को प्राप्त किया हो;

(iv) किसी ऐसे पुत्र या पुत्री को आजीवन कुटुंब पेंशन के अनुज्ञात करने से पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी यह समाधान करेगा कि विकलांगता ऐसी प्रकृति की है जो उसे जीविका का उपार्जन करने से रोकती है और उसी को संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक या प्रधानाचार्य या निदेशक या प्रमुख या अध्यक्ष के रूप में उसके नानिर्देशिती और दो अन्य सदस्य, जिनमें से कम से कम एक सदस्य मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता, जिसमें मानसिक मंदता भी शामिल है के विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञ होगा, के रूप में उससे मिलकर बनने वाले चिकित्सा बोर्ड से प्राप्त प्रमाणपत्र द्वारा साक्षयित होगा जिसमें यथासंभव बालक की सटीक मानसिक या शारीरिक दशा उपवर्जित की गई है;

(v) ऐसे पुत्र या पुत्री के संरक्षक के रूप में कुटुंब पेंशन प्राप्त कर रहा व्यक्ति या ऐसा पुत्र या पुत्री के माध्यम से कुटुंब पेंशन प्राप्त नहीं कर रहा है, संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक या प्रधानाचार्य या निदेशक या प्रमुख या अध्यक्ष के रूप में उनका नामनिर्देशिती और उसके दो अन्य सदस्य जिसमें से कम से कम एक सदस्य मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता, जिसमें मानसिक मंदता भी है, के विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञ होगा, से मिलकर बनने वाले चिकित्सा बोर्ड से इस प्रभाव का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा, एक बार यदि नि:शक्तता स्थायी है और प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार, यदि नि:शक्तता अस्थायी है, कि वह मस्तिष्क के विकार या नि:शक्तता या शारीरिक अपंगता या नि:शक्तता से लगातार ग्रस्त रहता है;

(vi) मानसिक रूप से मंदित पुत्र या पुत्री की दशा में कुटुंब पेंशन, यथास्थिति, सरकारी सेवक या पेंशनभोगी द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति को संदेय होगी और यदि ऐसा कोई नामनिर्देशन उसके जीवनकाल के दौरान सरकारी सेवक या पेंशनभोगी द्वारा कार्यालय अध्यक्ष को, यथास्थिति, ऐसे सरकारी सेवक या कुटुंब पेंशन भोगी के पति या पत्नी द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति को प्रस्तुत नहीं किया जाता है और स्थानीय स्तर समिति द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम (1944 का 44) की धारा 14 के अधीन जारी संरक्षकता प्रमाणपत्र भी उक्त अधिनियम में यथाउपदर्शित स्वपरायणता, प्रर्मास्तष्क घात मानसिक मंदता और बहु नि:शक्तता ग्रस्त व्यक्ति (व्यक्तियों) के

संबंध में कुटुंब पेंशन मंजूर करने के लिए संरक्षक का नामनिर्देशन या उसकी नियुक्ति के लिए भी स्वीकार किया जाएगा :

परंतु यह भी कि पच्चीस वर्ष की आयु से अधिक किसी अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा पुत्री को कुटुंब पेंशन की मंजूरी या निरंतरता या जब तक वह विवाहित या पुनर्विवाहित नहीं हो जाती, या जब तक वह जीविका अर्जन करना प्रारंभ नहीं करती, जो भी पूर्वतर हो, निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी, अर्थात् :—

(i) इस नियम के उपनियम (8) के खंड (iii) में दिए गए आदेश में अवयस्क बालकों [इस उपनियम के खंड (ii) या उपखंड (iii) में उल्लिखित] को कुटुंब पेंशन आरंभिक रूप में संदेय होगी जब तक अंतिम अवस्यक बालक पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता है; और

(ii) इस उपनियम के दूसरे परंतुक के अनुसार कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए कोई नि:शक्त बालक पात्र नहीं है :

परंतु यह भी कि ऐसा नि:शक्त सहोदर, इस नियम में यथा अधिकथित उसी रीति में और आगामी उसी नि:शक्तता के मानदंड में आजीवन कुटुंब पेंशन का हकदार होगा जो सरकारी कर्मचारी या पेंशन भोगी के पुत्र या पुत्री की दशा में, जो मस्तिष्क के विकार या नि:शक्तता (मानसिक मंदता सहित) से ग्रस्त है या जो शारीरिक रूप से विकलांग या नि:शक्त है जिससे कि वह पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् भी जीविका के उपार्जन करने में असमर्थ है, के लिए लागू हैं ।

स्पष्टीकरण 1.—कोई अविवाहित पुत्र या अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा पुत्री इस उपनियम के अधीन उस तारीख को, जिसको वह विवाह या पुनर्विवाह कर लेता है, कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र हो जाएगा ।

स्पष्टीकरण 2.—ऐसे किसी पुत्र या पुत्री या माता-पिता या सहोदर को देय कुटुंब पेंशन रुक जाएगी यदि वह या वे अपनी जीविका का उपार्जन आरंभ कर देते हैं ।

स्पष्टीकरण 3.—यह पुत्र या पुत्री या सहोदर या संरक्षक का कर्तव्य होगा कि वे वर्ष में एक बार, यथास्थिति, खजाना या बैंक का यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि (i) उसने अपनी जीविका का उपार्जन आरंभ नहीं किया है (ii) वह अभी तक अविवाहित है या वह पुनर्विवाहित नहीं है और उसी प्रकार का प्रमाणपत्र नि:संतान विधवा द्वारा उसके पुनर्विवाह के पश्चात् या माता-पिता द्वारा एक वर्ष में एक बार, यथास्थिति, खजाने या बैंक को प्रस्तुत किया जाएगा कि उसने या उन्होंने अपनी जीविका का उपार्जन आरंभ नहीं किया है ।

स्पष्टीकरण 4.—इस उपनियम के प्रयोजन के लिए कुटुंब का सदस्य अपनी जीविका का उपार्जन करता समझा जाएगा यदि उसकी अन्य स्त्रोत से आय, इस नियम के उपनियम (2) के अधीन न्यूनतम कुटुंब पेंशन और उस पर स्वीकृत महंगाई राहत से अधिक है ।

स्पष्टीकरण 5.—माता-पिता को सरकारी सेवक पर आश्रित समझा जाएगा यदि उनकी सम्मिलित आय इस नियम के उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञेय कुटुंब पेंशन और उस पर महंगाई राहत से कम है ।

स्पष्टीकरण 6.—नि:शक्त सहोदर सरकारी सेवक पर आश्रित समझे जाएंगे यदि उनकी आय इस नियम के उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञेय कुटुंब पेंशन और उस पर महंगाई राहत से कम है ।

स्पष्टीकरण 7.—नि:संतान विधवा को देय कुटुंब पेंशन रोक दी जाएगी, यदि, पुनर्विवाह के पश्चात्, उसकी अन्य स्त्रोतों से आय इस नियम के उपनियम (2) के अधीन न्यूनतम कुटुंब पेंशन और उस पर अनुज्ञेय मंहगाई राहत के बराबर या अधिक हो जाती है ।

(च) उपनियम (10) के स्थान पर निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(10क) (क) माता-पिता को कुटुंब पेंशन देय होगी यदि माता-पिता, सरकारी सेवक की अपनी मृत्यु के ठीक पूर्व उस पर पूर्ण रूप से आश्रित हों और मृत सरकारी सेवक का कोई विधवा या पात्र बालक जीवित न हो ।

(ख) कुटुंब पेंशन, जब कभी माता-पिता को अनुज्ञेय हो, मृत सरकारी सेवक की मां को संदेय होगी जिसके न हो सकने पर मृत सरकारी सेवक के पिता को संदेय होगी ।

(10ख) आश्रित नि:शक्त सहोदर को कुटुंब पेंशन संदेय होगी यदि सहोदर मृत सरकारी सेवक की उसकी मृत्यु के ठीक पूर्व सरकारी सेवक पर आश्रित था और मृत सरकारी सेवक का कोई विधवा या पात्र बालक या माता-पिता जीवित नहीं है ।";

(छ) उपनियम (11) में, खंड (क) और खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

